M.A. (PART-I)
HINDI
MODERN PROSE
(PAPER – I) (JAN-19)

QP CODE : 26534

(समय: ३ घंटे ) कुल अंक : १००

सूचना : (१) **प्रथम** एवं **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(२) शेष प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं चार** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। ४०

(अ) ''जिन धनवानों के लिए तुमने धर्म को सुरक्षित रखा, उन्होंने समझा कि धर्म धन से खरीदा जा सकता है, इसलिए धनोपार्जन मुख्य हुआ और धर्म गौण।''

(आ) ''पत्तों की नाव के सहारे मैंने सागर पार करने की चेष्टा की। अभी भी विश्वास नहीं होता कि मुझे यों मँझधार में छोड़कर चली जाएगी।''

(इ) ''मैं प्राणियों के विकास में स्त्री के पद को पुरूषों के पद से श्रेष्ठ समझता हूँ, उसी तरह जैसे प्रेम और त्याग और श्रध्दा को हिंसा और संग्राम और कलह से श्रेष्ठ समझता हूँ।''

(ई) ''हमें अच्छी तरह पता है कि, जीत हमारे नसीब में नहीं है। फिर भी मौत से दो-दो हाथ किए बिना हम अपने हथियार डालने को तैयार नहीं होते।''

(उ) ''यह कौनसा राग छेड़ दिया माँ! सीधा कह दो नहीं है जेवर,बस। इससे पढ़ाई-वढ़ाई का क्या तआल्लुक है। जो बिका तो कुछ बनकर ही आया हूँ....।''

(अ) ''यह मार्ग उचित नहीं है। गांधी जी ने सत्य पर जोर दिया है। जो हो, सत्य के मार्ग से हो। दिन में हो उजाले में हो। यदि काँग्रेस का कब्जा निगम पर हो गया तो मैं हूँ ही। सत्य के मार्ग पर ही चलूँगा।''

२. 'स्कन्दगुप्त' नाटक के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। १०

३. 'माधवी' नाटक के पात्र गालव की स्वभावगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। १०

४. 'गोदान' की कथावस्तु लिखिए। १०

५. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' 'डकैतों की विवंचना का यथार्थ चित्रण करता है।' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। १०

६. 'वैष्णव की फिसलन' निबंध में व्यक्त व्यंग को स्पष्ट कीजिए। १०

७. 'उसने कहा था' प्रेम और उत्सर्ग की श्रेष्ठ कहानी है- इस कथन की समीक्षा कीजिए। १०

[TURN OVER

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए- १०

(१) दानवीरों में महाराजा ययाती का नाम किनके साथ जोड़ा जाता है?
(२) होरी किससे गाय खरीदता है?
(३) जयशंकर प्रसाद के दो नाटकों के नाम लिखिए।
(४) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' के सिन्हा साहब किस पद पर कार्यरत थे?
(५) 'गोदान' उपन्यास में गाय को जहर कौन खिलाता है?
(६) 'एक लडकी, पाँच दीवाने' निबंध में दीवाना नंबर तीन क्या काम करता है?
(७) 'जुते' कहानी के लेखक कौन है?
(८) सिकंदर के सेनापती कौन थे?
(९) विश्वामित्र गालव से गुरू-दक्षिणा के रुप में कितने घोड़ों की माँग करता है?
(१०) 'धीया' की मौत किस कारण हुई थी?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए- १०

(१) जयशंकर प्रसाद का नाटक है-
(अ) रक्षाबंधन (ब) स्वर्ग की झलक
(क) रक्तमाल (ड) अजातशत्रु

(२) 'राष्ट्रनीति, दार्शनिकता और कल्पना का लोक नहीं है' - चंद्रगुप्त नाटक में किस पात्र ने कहा है?
(अ) स्कन्दगुप्त (ब) पर्णदत्त
(क) कुमारगुप्त (ड) भटार्क

(३) नन्हकू सिंह के परिवार का किसके साथ परंपरागत वैर है -
(अ) मनियार सिंह (ब) तेजसिंह
(क) बाधीसिंह (ड) पन्नादेवी

(४) 'माधवी' नाटक में कुल कितने अंक हैं?
(अ) तीन (ब) चार
(क) दो (ड) पाँच

(५) होरी ने अपनी बेटी रूपा का विवाह किसके साथ किया?
(अ) शेठ रामपाल (ब) रामस्वरूप
(क) शेठ धनपाल (ड) डॉ. मेहता

(६) 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास में किस जंगल का वर्णन है?
(अ) सातपुड़ा जंगल (ब) दण्डकारण्य
(क) पश्चिमी चम्पारण्य (ड) अभयारण्य

[TURN OVER

(७) 'साहब महत्वाकांक्षी' निबंध में किस विषय पर भाषण रखा गया था?

(अ) महँगाई (ब) बेरोजगारी

(क) देश की वर्तमान दशा (ड) शिक्षा

(८) होरी के कितने भाई हैं ?

(अ) तीन (ब) एक

(क) पाँच (ड) दो

(९) भीष्म साहनी का इनमें से नाटक नहीं है –

(अ) कबिरा खड़ा बाजार में (ब) मुआवजे

(क) हानूश (ड) बकरी

(१०) 'शिवानी' किस कहानी का पात्र है?

(अ) मक्रील (ब) उँचाई

(क) जहाँ लक्ष्मी कैद है (ड) जूते

---------------------------------

**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**HISTORY OF HINDI LITERATURE**
**(PAPER – III) (JAN-19)**

**Q.P. Code :26968**

**[समय: ३ घंटे]** **[कुल अंक: १००]**

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना:** **१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |**
**२) शेष प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

प्र. १) आदिकाल की पृष्ठभूमि को रेखांकित कीजिए | **(१६)**

प्र. २) नाथ और जैन साहित्य की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए | **(१६)**

प्र. ३) सूफी काव्यधारा की मूल प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ४) रीति सिद्ध काव्य की विशेषताएँ समझाइए | **(१६)**

प्र. ५) छायावादी काव्य की विशेषताएँ लिखिए | **(१६)**

प्र. ६) प्रगतिवादी काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ७) हिन्दी उपन्यास की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ८) अ) निम्नलिखित विषयों में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए \ **(१०)**

क) रासो साहित्य
ख) संत काव्यधारा
ग) भारतेन्दु युगीन काव्य
घ) प्रसाद युगीन नाटक

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | **(०५)**

१) 'भरतेश्वर बाहुबली' रास के रचनाकार कौन हैं?
२) कृष्णकाव्य धारा के शिखर के कवि कौन थे?
३) 'कविप्रिया' किसकी रचना है ?
४) छायावाद की प्रमुख कवयित्री कौन थी?
५) 'शिवशम्भु का चिठ्ठा' किसके निबंधों का संकलन है?



D01A7394B3FF066DD8AF4FC6B2BC4029

**Q.P. Code :26968**

क) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(०५)**

अ) खड़ी बोली का पहला महाकाव्य कौन-सा है?
१) प्रिय प्रवास
२) खुमान रासो
३) पृथ्वीराज रासो
४) बीसलदेव रासो

ब) सूफी साधना में ईश्वर की कल्पना किस रूप में की गई है ?
१) पति
२) प्रियतमा
३) मित्र
४) पुत्र

क) इनमें से कौनसी रचना देव की नहीं है?
१) देवशतक
२) शब्द रसायन
३) भवानी विलास
४) काव्यप्रकाश

ड) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किस विधा की रचना है?
१) उपन्यास
२) नाटक
३) आत्मकथा
४) जीवनी

ई) 'कोणार्क' नाटक के रचीयता कौन है?
१) मोहन राकेश
२) डॉ. लक्ष्मीनारायण लाल
३) जगदीशचंद्र माथुर
४) उपेन्द्रनाथ अश्क

************



D01A7394B3FF066DD8AF4FC6B2BC4029

**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**OLD AND MEDIEVAL POETRY**
**(PAPER – V) (JAN-19)**

**Q.P. Code : 26972**

[समय : ३ घंटे] [कुल अंक: १००]

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना: १. पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |
२. शेष प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर लिखिए |

प्र.१. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही चार की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |

क) मथ गति नयन मिलत राधा कान |
दुहू मन मनसिज पुरल संधान ||
दुहू मुख हेरइत दुहू भेल भोर |
समय न बुझए अचतुर चोर ||
दिगधि संगिनी सब रस जान |
कुटिल नयान कएल समधान ||

ख) हंसा करो पुरातन बात |
कौन देस से आया हंसा , उतरना कौन घाट |
कहाँ हंसा बिसराम किया है , कहाँ लगाए आस ||
अब हीं हंसा चेत सबेरा, चलो हमारे साथ |
संसय - सोक वहाँनहिं व्यापै, नहीं काल के त्रास ||

ग) पिउ बियोग अस बाउर जीऊ | पपिहा निति बोले पिउ पिउ ||
अधिक काम दाधे सो रामा | हरि लेइ सुवा गएउ पिउ नामा ||
विरह बान तस लाग न डोली | रक्त पसीज, भीजि गई चोली ||
सूखा हिया, हार मा भारी | हरे हरे प्रान तजहिं सब नारी ||
खन एक आव पेट महँ ! सांसा | खनहिं जाइ जिउ, होइ निरासा ||

घ) आयो घोष बड़ो व्योपारी |
लादि खेप गुन ज्ञान - जोग की ब्रज में आन उतारी ||
फाटक दैकर हाटक माँगत भोरै निपट सुधारी |
धुर ही तें खोटो खायो है लये फिरत सिर भारी ||

च) विषय अलंपट सील गुनाकर | पर दुख दुख सुख सुख देखे पर ||



70BC2C0C91A4FAFC7BD195B46DB156CE

**Q.P. Code : 26972**

सम अभूत रिंपु बिमद विरागी | लोभामरष हरष भय त्यागी ||
कोमल चित दिनन्ह पर दाया | मन वच क्रम मम भगति अमाया ||
सबहिं मानप्रद आपु अमानी | भरत प्रान सम मम ते प्रानी||

छ) तंत्री नाद, कवित्त - रस, सरस राग, रति रंग |
अनबूड़े बूड़े, तरे  जे बूड़े सब अंग ||
या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहीं कोई |
ज्यौं ज्यौं बूड़ै स्थान रँग, त्यौं त्यौं उज्जलु होई ||

प्र.२. 'विद्यापति पदावली में राधा - कृष्ण के श्रृंगारिक प्रसंगों का सरस चित्रण हुआ है |' उक्तकथन की समीक्षा कीजिए | १०

प्र.३ 'कबीर समाज सुधारक विद्रोही कवि थे |' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए | १०

प्र.४ 'पद्मावत' के 'मानसरोदक - खंड' का महत्व स्पष्ट कीजिए | १०

प्र.५ 'भ्रमरगीत सार' में गोपियों की वाक् पटुता का उत्कृष्ट चित्रण किया हैं |'कथन की पुष्टि कीजिए| १०

प्र.६ तुलसीदास के दार्शनिक विचारों पर प्रकाश डालिए | १०

प्र.७ 'बिहारी ने गागर में सागर भर दिया है'| इस कथन की विवेचना कीजिए | १०

प्र.८ अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | १०

i) विद्यापति ने किन किन भाषाओं में रचनाए की है ?
ii) कबीर का लालन पालन किस परिवार में हुआ था ?
iii) 'बीजक' के कौन से तीन भाग है ?
iv) पद्मावती कहाँ जलक्रीडा के लिए जाती थी ?
v) रत्नसेन ने  किसे देश निकाला दिया था ?
vi) तुलसीदास को कलिकाल का वाल्मीकि किसने कहा है ?
vii) गोकुल में सभी किसके उपासक थे ?
viii) रामचरित मानस किस भाषा का महाकाव्य है ?
ix) 'नहीं पराग नहीं मधुर मधु' किसको संबोधित करते हुए लिखा गया था ?
x) बिहारी के पिता का नाम क्या था ?



70BC2C0C91A4FAFC7BD195B46DB156CE

**Q.P. Code : 26972**

आ) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

१. शैव मत के अनुयायी थे ?

अ) अमीर खसरो आ) कबीर इ) विद्यापति ई) घनानन्द

२. कबीर का जन्म कहाँ हुआ था ?

अ) काशी आ) मगहर इ) प्रयाग ई) चित्रकूट

३. पद्मावत के राजा रत्नसेन किससे साथ युध्द में मारे गए |

अ) अलाड़द्दीन आ) मुहम्मद गोरी इ) गोरा बादल ई) देवपाल

४. पद्मावत की रचना किस शासक के कालखंड में हुई ?

अ) शेरशाह सूरी आ) अकबर इ) औरंगजेब ई) जहाँगीर

५. 'बुद्धदेव के बाद सबसे बड़ा लोकनायक तुलसीदास है|' उक्त कथन किसका है ?

अ) रामचंद्र शुक्ल आ) डॉ स्मिथ इ) हजारी प्रसाद व्दिवेदी ई) ग्रियसन

६. निम्नलिखित में कौन सी कृति तुलसीदास की नहीं है ?

अ) गीतावली आ) दोहावली इ) रामचंद्रिका ई) पार्वती मंगल

७. कबीर को किसने वाणी का डिक्टेटर कहा है ?

अ) रामचन्द्र शुक्ल आ) हजारी प्रसाद व्दिवेदी इ) मुंशी प्रेमचन्द ई) नामवर सिंह

८. बिहारी रीतिकालीन कैसे कवि है ?

अ) रीतिबद्ध आ) रीतिमुक्त इ) रीतिसिध्द ई) इनमे से कोई नहीं

९. बिहारी सतसई में कुल कितने दोहे है |

अ) ७३३ आ) ७१३ इ) ७०० ई) ७३०

१०. 'भ्रमरगीत सार' किसका अंश है ?

अ) सूरसागर आ) रत्नावली इ) दोहावली ई) कवितावली



70BC2C0C91A4FAFC7BD195B46DB156CE

M.A. (PART-I)
HINDI
FUNCTIONAL HINDI
(PAPER – VII) (JAN-19)

Subject Code: 93978 / Hindi - Paper VII - Functional Hindi

समय : तीन घंटे अंक : १००

सूचना : १) आठवां प्रश्न अनिवार्य है |

२) शेष प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

१) प्रयोजनमूलक हिंदी की परिभाषा एवं स्वरुप को स्पष्ट कीजिए | (१६)

२) राजभाषा हिंदी की अवधारणा एवं स्वरूप को विशद कीजिए | (१६)

३) विदेशों में हिंदी पत्रकारिता पर आलेख प्रस्तुत कीजिए | (१६)

४) हिंदी सिनमा का हिंदी के प्रचार – प्रसार में योगदान' विषय पर चर्चा कीजिए | (१६)

५) विज्ञापन की परिभाषा देते हुए कानून और नैतिकता सम्बन्धी मूल्यों को स्पष्ट कीजिए | (१६)

६) राजभाषा नीति के क्रियान्वयन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए| (१६)

७) अनुवाद की परिभाषा देते हुए अनुवादक के गुणों को अंकित कीजिए | (१६)

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **पांच से दस वाक्यों** में लिखिए | (१०)

१) संपर्क भाषा

२) राजभाषा

३) इंटरनेट में हिंदी का प्रयोग

४) विज्ञापन और एजेंसियाँ

५) अनुवाद की प्रक्रिया

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक वाक्य** में दीजिए | (१०)

१) डॉ. नगेन्द्र के अनुसार प्रयोजनमूलक हिंदी के विपरीत कौन सी हिंदी है ?

२) दिल्ली के आस-पास विकसित होने वाली खड़ी बोली को किस नाम से जाना जाता है ?

३) स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी की व्यवहारिक उपयोगिता की परख किसने की थी?

४) महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा का मुख्यालय कहाँ है ?

५) प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष कौन थे ?

६) हिंदी दुनिया में कितने नंबर की भाषा है ?

७) पोस्टर किस प्रकार का विज्ञापन है ?

८) देश का पहला दूरदर्शन धारावाहिक कौन - सा है ?

९) 'इडियट बॉक्स' कहकर किसकी संभावना की गई थी ?

१०) पुनर्प्रस्तुतीकरण की कला के रूप किसे जाना जाता है ?

*************

62750

83DB99DA67FEBBE7D97A1C6B3A86E0FE